# आ जाओ मेरे वीरा | By Manisha Singh, Tejaswa

आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।
आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।

टूटी सी मेरी नैया अब पार लगा जाओ
टूटी सी मेरी नैया अब पार लगा जाओ
आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।
आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।

सिद्धार्थ के प्यारे हो त्रिशला के दुलारे हो
जिसका न कोई जग में उसके तुम सहारे हो
अर्ज़ी ये मेरी सुनके........
अर्ज़ी ये मेरी सुनके संकट से छुड़ा जाओ
आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।
आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।

जब जन्म लिया तुमने खुशियां छाई जग में
बजने लगी शहनाई नगरी कुण्डलपुर में
फिर छाई वही खुशियां........
फिर छाई वही खुशियां तुम दरश दिखा जाओ
आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।
आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।

तेरी महिमा न्यारी है चरणों में पुजारी है
तेरी विरध सुनी जग से ये अर्ज़ी गुज़ारी है
शरणागत हैं तेरे..........
शरणागत हैं तेरे सब कष्ट मिटा जाओ
आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।
आ जाओ मेरे वीरा बिगड़ी को बना जाओ।।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%93-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-manisha-singh-tejaswa/